Adda247 GET IT ON Google Play

जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।

# प्रश्न पुस्तिका

**Question Booklet Bar Code Serial No.**
प्रश्न–पुस्तिका बार कोड क्रम संख्या

**विषय कोड : 38**

**विषय : शिक्षाशास्त्र**

अनुक्रमांक (अंकों में) :

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ______________________

| अभ्यर्थी के हस्ताक्षर | | कक्ष निरीक्षक के हस्ताक्षर | |
|---|---|---|---|

**समय : 2 घण्टे** **पूर्णांक : 200**

M

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न–पुस्तिका में दो भाग हैं । जिसके प्रथम भाग में सामान्य ज्ञान से सम्बन्धित कुल **30** प्रश्न हैं ।
2. इस प्रश्न–पुस्तिका के द्वितीय भाग में वैकल्पिक विषय से सम्बन्धित कुल **70** प्रश्न हैं ।
3. इस प्रश्न–पुस्तिका में **100** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं । प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी और अंग्रेजी दोनों में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए चार विकल्प दिए गए हैं । इनमें से एक विकल्प को चुन लें, जिसे आप उत्तर पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगें कि एक से अधिक विकल्प सही हैं, तो उस विकल्प को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगें । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही विकल्प चुनना है ।
4. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस प्रश्न–पुस्तिका की जाँच अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, कटा या छूटा हुआ पृष्ट अथवा प्रश्नांश आदि न हो ।**
5. अभ्यर्थी कक्ष निरीक्षक द्वारा निर्देश देने के उपरान्त ही प्रश्न–पुस्तिका की सील खोलें ।
6. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तर देने से पहले प्रश्न–पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लें ।
7. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर अभ्यर्थी अपना अनुक्रमांक, विषय, प्रश्न–पत्र का सही कोड, उत्तरित प्रश्नों की संख्या तथा अनुत्तरित प्रश्नों की संख्या स्वच्छतापूर्वक लिखें अन्यथा उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी ।
8. अभ्यर्थी सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को उत्तर पत्रक पर काले बॉल प्वाइंट पेन से पूरा गहरा कर दें । एक से अधिक उत्तर देने की दशा में उत्तर को गलत माना जायेगा एवं उसे जाँचा नहीं जायेगा ।
9. उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) में एक बार गोला भरे जाने के बाद उसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा ।
10. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) को किसी प्रकार न मोड़ें ।
11. आपको अपने सभी उत्तर केवल उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर ही देने हैं । परीक्षा के उपरांत उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) कक्ष निरीक्षक को लौटा दें ।
12. यदि हिन्दी या अंग्रेजी विवरण में कोई विसंगति हो, तो अंग्रेजी विवरण अन्तिम माना जाएगा ।
13. यदि कोई अभ्यर्थी अनुचित साधन का प्रयोग करता है या उसका प्रयास करता है अथवा परीक्षा कक्ष में किसी प्रकार का व्यवधान करता है, तो वह परीक्षा के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा ।
14. कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा कक्ष से बाहर नहीं जायेगा जब तक **120** मिनट (दो घण्टे) पूरे न हो गये हो ।
15. कोई भी रफ कार्य, यदि कोई हो, इस कार्य हेतु निर्धारित खाली पन्नों पर ही किया जाना चाहिये । अतिरिक्त पन्ने नहीं दिये जायेंगे ।
16. अपना अनुक्रमांक आदि लिखने के लिए तथा उत्तर पत्रक (ओ. एम. आर. शीट) पर उत्तरों को भरने के लिए केवल काले बॉल प्वाइंट पेन का प्रयोग करें ।

**जब तक आपको यह प्रश्न–पुस्तिका खोलने को न कहा जाय तब तक न खोलें ।**

***Note : The English version of the instructions is printed on the last page of this Question Booklet.***

# Test Prime

***ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION***

**70,000+** Mock Tests

Personalised Report Card

Unlimited Re-Attempt

**600+** Exam Covered

Previous Year Papers

**500%** Refund

NABARD

IBPS

**ATTEMPT FREE MOCK NOW**

Adda247 GET IT ON Google Play

## सामान्य ज्ञान
## GENERAL KNOWLEDGE

1. मार्च 2025 में सुनीता विलियम्स के साथ पृथ्वी पर लौटने वाले अंतरिक्ष यात्री का क्या नाम है ?
(A) विक्टर ग्लोवर (B) जेरेमी हैनसन (C) जॉन ग्लेन (D) बुच विलमोर
What is the name of the astronaut who returned to earth along with Sunita Williams in March 2025 ?
(A) Victor Glover (B) Jeremy Hansen (C) John Glenn (D) Butch Wilmore

2. माधव राष्ट्रीय उद्यान जिसे भारत का 58 वां बाघ अभयारण्य घोषित किया गया, निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?
(A) मेघालय (B) मध्यप्रदेश (C) मणिपुर (D) महाराष्ट्र
Madhav National Park that was declared India's 58$^{th}$ Tiger Reserve is situated in which of the following States ?
(A) Meghalaya (B) Madhya Pradesh (C) Manipur (D) Maharashtra

3. निम्नलिखित में से किनको 2024 में 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया ?
a. एम. एस. स्वामीनाथन
b. चौधरी चरण सिंह
c. कर्पूरी ठाकुर
d. हरमनप्रीत सिंह
नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :
(A) केवल a (B) केवल a व b (C) केवल a, b व c (D) केवल a, b व d
Who among the following has been awarded 'Bharat Ratna' in 2024 ?
a. M. S. Swaminathan
b. Chaudhary Charan Singh
c. Karpoori Thakur
d. Harmanpreet Singh
Choose the correct answer from the options given below :
(A) Only a (B) Only a and b (C) Only a, b and c (D) Only a, b and d

4. महादेई वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?
(A) मध्यप्रदेश (B) उत्तरप्रदेश (C) छत्तीसगढ़ (D) गोवा
Mhadei Wildlife Sanctuary is located in which of the following States ?
(A) Madhya Pradesh (B) Uttar Pradesh (C) Chattisgarh (D) Goa

5. हमारे दाँत का ऊपरी भाग कठोर इनेमल से ढका रहता है जो मुख्यत: बना होता है
(A) कैल्शियम कार्बोनेट का (B) मैग्नीशियम फास्फेट का
(C) कैल्शियम फास्फेट का (D) कैल्शियम ऑक्सलेट का
Our tooth crown remains capped with hard enamel which is principally made of
(A) Calcium Carbonate (B) Magnesium Phosphate
(C) Calcium Phosphate (D) Calcium Oxalate

Adda247 GET IT ON Google Play

6. एन.ई.पी. 2020 के अनुसार माध्यमिक विद्यालय शिक्षा के अन्तर्गत किन कक्षाओं को शामिल किया गया है ?
(A) कक्षा 6 से कक्षा 9
(B) कक्षा 4 से कक्षा 6
(C) कक्षा 5 से कक्षा 8
(D) कक्षा 6 से कक्षा 8
Which classes are included in the middle school education according to NEP 2020 ?
(A) Class 6 to Class 9
(B) Class 4 to Class 6
(C) Class 5 to Class 8
(D) Class 6 to Class 8

7. निम्नलिखित में से किसने समग्र शिक्षा की अवधारणा का प्रतिपादन किया था ?
(A) श्री अरबिंदो
(B) स्वामी दयानन्द
(C) स्वामी विवेकानन्द
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
Who among the following propounded the concept of Integral Education ?
(A) Sri Aurobindo
(B) Swami Dayanand
(C) Swami Vivekanand
(D) None of the above

8. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित करें ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. शिक्षक शिक्षा | I. एन.ई.पी. 2020 का अध्याय 23 |
| b. प्रौद्योगिकी का उपयोग | II. एन.ई.पी. 2020 का अध्याय 20 |
| c. व्यावसायिक शिक्षा | III. एन.ई.पी. 2020 का अध्याय 21 |
| d. प्रौढ़ शिक्षा | IV. एन.ई.पी. 2020 का अध्याय 15 |

नीचे दिए गए कूट में से सही उत्तर चुनिए :
**कूट :**
(A) a – IV, b – I, c – II, d – III
(B) a – IV, b – I, c – III, d – II
(C) a – I, b – IV, c – III, d – II
(D) a – I, b – IV, c – II, d – III
Match List – I with List – II.

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Teacher education | I. Chapter 23 of NEP 2020 |
| b. Technology use | II. Chapter 20 of NEP 2020 |
| c. Professional education | III. Chapter 21 of NEP 2020 |
| d. Adult education | IV. Chapter 15 of NEP 2020 |

Choose the correct answer from the code given below :
**Code :**
(A) a – IV, b – I, c – II, d – III
(B) a – IV, b – I, c – III, d – II
(C) a – I, b – IV, c – III, d – II
(D) a – I, b – IV, c – II, d – III

9. एन.ई.पी. 2020 में ई.सी.सी.ई. का अर्थ है
(A) प्रारंभिक बाल्यावस्था की देखभाल और शिक्षा
(B) प्रारंभिक बचपन केन्द्रित शिक्षा
(C) बचपन की उन्नत शिक्षा एवं देखभाल
(D) बचपन की कुशल देखभाल एवं शिक्षा
In NEP 2020, ECCE stands for
(A) Early Childhood Care and Education
(B) Early Childhood Centered Education
(C) Enhanced Childhood Caring and Education
(D) Efficient Childhood Care and Education

10. निम्नलिखित में से कौन एक भारत में राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (NAAC) का प्राथमिक फोकस है ?
(A) छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करना
(B) विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा आयोजित करना
(C) उच्च शिक्षा संस्थानों का प्रत्यायन
(D) संस्थानों में ट्यूशन फीस का विनियमन

Which one of the following is the primary focus of the National Assessment and Accreditation Council (NAAC) in India ?
(A) Providing financial aid to student
(B) Conducting university entrance examinations
(C) Accreditation of higher education institutions
(D) Regulating tuition fees in institutions

11. आर्थिक विकास के लिए PURA दृष्टिकोण निम्नलिखित में से किसके दिमाग की उपज है ?
(A) मनमोहन सिंह
(B) ए. पी. जे. अब्दुल कलाम
(C) अमर्त्य सेन
(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

PURA approach to economic development is the brain child of who among the following ?
(A) Manmohan Singh
(B) A. P. J. Abdul Kalam
(C) Amartya Sen
(D) None of the above

12. सूची – I को सूची – II से सुमेलित करें तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए ।

| **सूची – I (राज्य)** | **सूची – II (राष्ट्रीय उद्यान)** |
|---|---|
| a. राजस्थान | I. मानस राष्ट्रीय उद्यान |
| b. छत्तीसगढ़ | II. पिन वैली राष्ट्रीय उद्यान |
| c. असम | III. इंद्रावती राष्ट्रीय उद्यान |
| d. हिमाचल प्रदेश | IV. केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान |

**कूट :**
(A) a – IV, b – III, c – II, d – I
(B) a – IV, b – III, c – I, d – II
(C) a – III, b – IV, c – I, d – II
(D) a – III, b – IV, c – II, d – I

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists.

| **List – I (State)** | **List – II (National Park)** |
|---|---|
| a. Rajasthan | I. Manas National Park |
| b. Chhattisgarh | II. Pin Valley National Park |
| c. Assam | III. Indravati National Park |
| d. Himachal Pradesh | IV. Keoladeo National Park |

**Code :**
(A) a – IV, b – III, c – II, d – I
(B) a – IV, b – III, c – I, d – II
(C) a – III, b – IV, c – I, d – II
(D) a – III, b – IV, c – II, d – I

Adda247 GET IT ON Google Play

13. रियो + 20 मूलत: निम्नलिखित में से किससे सम्बंधित है ?
(A) आर्थिक विकास (B) सतत् विकास
(C) जनसंख्या नियंत्रण (D) वन संरक्षण
Rio + 20 is mainly related to which of the following ?
(A) Economic development (B) Sustainable development
(C) Population control (D) Forest protection

14. 'ए.एन.पी.आर.' का क्या अर्थ है ?
(A) स्वचालित नेटवर्क प्लेट पहचान (B) स्वचालित नंबर प्लेट पहचान
(C) उन्नत नंबर प्लेट पहचान (D) स्वचालित राष्ट्रीय प्लेट पहचान
What does 'ANPR' stands for ?
(A) Automatic Network Plate Recognition (B) Automatic Number Plate Recognition
(C) Advanced Number Plate Recognition (D) Automated National Plate Recognition

15. 'सतत् विकास' का विचार किस वर्ष अस्तित्व में आया ?
(A) 1972 (B) 1980
(C) 2007 (D) उपर्युक्त में से कोई नहीं
In which year did the idea of 'Sustainable development' came into existence ?
(A) 1972 (B) 1980
(C) 2007 (D) None of the above

16. निम्नलिखित में से कौन एक ग्रीनहाउस गैस हैं ?
(A) मीथेन (B) हीलियम
(C) हाइड्रोजन (D) कार्बन मोनोऑक्साइड
Which one of the following is a greenhouse gas ?
(A) Methane (B) Helium
(C) Hydrogen (D) Carbon monoxide

17. निम्नलिखित में से किसे 2024 में नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया ?
(A) मदर टेरेसा (B) आंग सान सु की
(C) मलला यूसुफजई (D) निहोन हिडानक्यो
Who among the following was awarded the Nobel Peace Prize 2024 ?
(A) Mother Teresa (B) Aung San Suu Kyi
(C) Malala Yousafzai (D) Nihon Hidankyo

18. निम्नलिखित में से कौन एक कॉंग्रेस नेता केबिनेट मिशन योजना के पूर्णत: पक्ष में था ?
(A) महात्मा गांधी (B) जवाहर लाल नेहरू
(C) सरदार पटेल (D) मौलाना अबुल कलाम आजाद
Who among the following leader of Congress was totally in favour of Cabinet Mission Plan ?
(A) Mahatma Gandhi (B) Jawahar Lal Nehru
(C) Sardar Patel (D) Maulana Abul Kalam Azad

19. 2005 में लागू हुए क्योटो प्रोटोकॉल का प्राथमिक उद्देश्य क्या है ?

(A) प्रशांत महासागर में शांति स्थापित करना
(B) वैश्विक कार्बन बाजार बनाना
(C) महासागरीय प्रदूषण को नियंत्रित करना
(D) ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को कम करना

What is the primary purpose of Kyoto protocol which came into effect in 2005 ?

(A) Establish peace in the pacific ocean
(B) Create a global carbon market
(C) To regulate ocean pollution
(D) To reduce the emission of greenhouse gasses

20. 1857 के विद्रोह के मुख्य नेता

a. रानी लक्ष्मीबाई
b. मंगल पाण्डेय
c. बहादुर शाह ज़फर
d. मीर निसार अली

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल a, b, c
(B) केवल b, c, d
(C) केवल d, a, b
(D) केवल c, d, b

Main leaders during the Revolt of 1857

a. Rani Laxmibai
b. Mangal Pandey
c. Bahadur Shah Zafar
d. Mir Nisar Ali

Choose the correct answer from the options given below :

(A) a, b, c only
(B) b, c, d only
(C) d, a, b only
(D) c, d, b only

21. गंगा नदी की जल प्रवाह प्रणाली के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही हैं ?

a. भारत में गंगा नदी प्रणाली सबसे बड़ी है ।
b. गंगा का उद्गम उत्तरकाशी में है ।
c. सतलज तथा झेलम गंगा प्रणाली की सहायक नदियाँ हैं ।
d. सोन नदी गंगा के दाहिने तट की प्रमुख सहायक नदी है ।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) केवल a, b, c
(B) केवल b, c, d
(C) केवल a, c, d
(D) केवल a, b, d

With reference to river Ganga drainage system, which of the following statements are correct ?

a. The Ganga river system is largest in India.
b. Ganga rises in the Uttarkashi.
c. Satluj and Jhelum are tributaries of Ganga system.
d. Son river is its major right bank tributary of Ganga.

Choose the correct answer from the options given below :

(A) a, b, c only
(B) b, c, d only
(C) a, c, d only
(D) a, b, d only

Adda247 GET IT ON Google Play

22. ख़ैबर दर्रा निम्नलिखित में से किस देश में स्थित है ?

(A) बांग्लादेश (B) भूटान (C) भारत (D) पाकिस्तान

Khyber Pass is situated in which of the following countries ?

(A) Bangladesh (B) Bhutan (C) India (D) Pakistan

23. 'कॉरिओलिस प्रभाव' निम्नलिखित में से किसका परिणाम है ?

(A) महासागरीय धाराएँ (B) पृथ्वी का घूर्णन

(C) वायुमण्डलीय दाब भिन्नताएँ (D) चन्द्रमा का गुरुत्वाकर्षण खिंचाव

'Coriolis effect' is a result of which of the following ?

(A) Ocean currents (B) Earth's rotation

(C) Atmospheric pressure differences (D) The gravitational pull of the moon

24. किर्स्टी कोवेंट्री, जो अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) की अध्यक्ष चुनी जाने वाली पहली महिला बनी, निम्नलिखित में से किस देश से हैं ?

(A) ज़िम्बाब्वे (B) ऑस्ट्रेलिया

(C) ब्राजील (D) संयुक्त राज्य अमेरिका

Kirsty Coventry, who became the first woman to be elected as President of the International Olympic Committee (IOC) is from which of the following countries ?

(A) Zimbabwe (B) Australia

(C) Brazil (D) United States of America

25. निम्नलिखित में से कौन-सा/से राष्ट्रीय जनसंख्या नीति, 2000 के उद्देश्य है/हैं ?

1. 2045 तक जनसंख्या स्थिर करना ।
2. मातृ मृत्युदर को 100,000 जीवित जन्मों पर 100 से नीचे लाना ।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

**कूट :**

(A) केवल 1 (B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों (D) न तो 1 और न ही 2

Which of the following is/are the objectives of National Population Policy, 2000 ?

1. Population stabilisation by 2045.
2. Reduce maternal mortality rate to below 100 per 100,000 live birth.

Select the correct answer from the code given below :

**Code :**

(A) Only 1 (B) Only 2

(C) 1 and 2 both (D) Neither 1 nor 2

Adda247 GET IT ON Google Play

26. निम्नलिखित में से कौन सबसे प्रसिद्ध पूँजी बाज़ार हैं ?
    1. शेयर बाज़ार
    2. बाँड बाज़ार
    3. भारत में किसी भी डिपॉजिटरी के साथ एक डिपॉजिटरी खाता

    नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर का चयन कीजिए :

    **कूट :**

    (A) केवल 1 (B) केवल 1 और 3 (C) केवल 2 और 3 (D) केवल 1 और 2

    Which among the following are the best known capital markets ?
    1. The stock market
    2. The bond markets
    3. A depository account with any of the depositories in India

    Select the correct answer from the code given below :

    **Code :**

    (A) Only 1 (B) Only 1 and 3 (C) Only 2 and 3 (D) Only 1 and 2

27. भारत में फिक्की की स्थापना किसने की ?

    (A) जी. डी. बिड़ला एवं जे. आर. डी. टाटा
    (B) पुरषोत्तमदास ठाकुरदास एवं जी. डी. बिड़ला
    (C) महात्मा गांधी एवं दादाभाई नौरोजी
    (D) पुरषोत्तमदास ठाकुरदास एवं जे. आर. डी. टाटा

    Who established FICCI in India ?

    (A) G. D. Birla and J. R. D. Tata
    (B) Purshottamdas Thakurdas and G. D. Birla
    (C) Mahatma Gandhi and Dadabhai Naoroji
    (D) Purshottamdas Thakurdas and J. R. D. Tata

28. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| **सूची – I (अधिकार के प्रकार)** | **सूची – II (अनुसूची)** |
|---|---|
| a. विधि के समक्ष समानता का अधिकार | I. अनुसूची – 14 |
| b. धर्म के आधार पर भेदभाव से सुरक्षा | II. अनुसूची – 15 |
| c. अवसर की समानता | III. अनुसूची – 16 |
| d. अस्पृश्यता का अंत | IV. अनुसूची – 17 |

**कूट :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a – I | b – II | c – III | d – IV |
| (B) | a – I | b – III | c – II | d – IV |
| (C) | a – I | b – III | c – IV | d – II |
| (D) | a – II | b – I | c – III | d – IV |

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists.

| **List – I (Types of Rights)** | **List – II (Article)** |
|---|---|
| a. Right of equality before the law | I. Article – 14 |
| b. Protection from discrimination on religious ground | II. Article – 15 |
| c. Equality of opportunity | III. Article – 16 |
| d. Abolition of untouchability | IV. Article – 17 |

**Code :**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | a – I | b – II | c – III | d – IV |
| (B) | a – I | b – III | c – II | d – IV |
| (C) | a – I | b – III | c – IV | d – II |
| (D) | a – II | b – I | c – III | d – IV |

Adda247 GET IT ON Google Play

29. लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या निर्धारित है

The maximum number of members in the Lok Sabha is fixed at

(A) 530 (B) 545 (C) 550 (D) 552

30. सूची – I को सूची – II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए ।

| सूची – I (अनुसूची) | सूची – II (संवैधानिक प्रावधान) |
|---|---|
| a. अनुच्छेद 50 | I. राष्ट्रपति पर महाभियोग |
| b. अनुच्छेद 143 | II. न्यायपालिका और कार्यपालिका के बीच पृथक्करण |
| c. अनुच्छेद 61 | III. लोक सेवा आयोग का कार्य |
| d. अनुच्छेद 320 | IV. सर्वोच्च न्यायालय का सलाहकार क्षेत्राधिकार |

**कूट :**

(A) a – II b – IV c – I d – III

(B) a – III b – I c – IV d – II

(C) a – II b – I c – IV d – III

(D) a – III b – IV c – I d – II

Match List – I with List – II and select the correct answer from the code given below the lists.

| List – I (Article) | List – II (Constitutional Provision) |
|---|---|
| a. Article 50 | I. Impeachment of the President |
| b. Article 143 | II. Separation between Judiciary and Executive |
| c. Article 61 | III. Functioning of Public Service Commission |
| d. Article 320 | IV. Advisory Jurisdiction of the Supreme Court |

**Code :**

(A) a – II b – IV c – I d – III

(B) a – III b – I c – IV d – II

(C) a – II b – I c – IV d – III

(D) a – III b – IV c – I d – II

Adda247 GET IT ON Google Play

# शिक्षाशास्त्र
# EDUCATION

31. कौन–सा दर्शन ' उपयोगिता के सिद्धान्त' से सम्बन्धित है ?

(A) प्रकृतिवाद
(B) यथार्थवाद
(C) प्रयोजनवाद
(D) आदर्शवाद

Which philosophy is related to 'Principle of Utility' ?

(A) Naturalism
(B) Realism
(C) Pragmatism
(D) Idealism

32. 'रिपब्लिक' नामक पुस्तक के लेखक हैं

(A) प्लेटो
(B) रूसो
(C) सुकरात
(D) जॉन डीवी

The author of the book 'Republic' is

(A) Plato
(B) Rousseau
(C) Socrates
(D) John Dewey

33. 'मूल्य शाश्वत एवं अपरिवर्तनीय हैं'। यह मान्यता हैं

(A) आदर्शवाद की
(B) यथार्थवाद की
(C) प्रकृतिवाद की
(D) प्रयोजनवाद की

'Values are absolute and unchanging' this is the belief of

(A) Idealism
(B) Realism
(C) Naturalism
(D) Pragmatism

34. 'सम्यक् आस्था', 'सम्यक् ज्ञान' तथा 'सम्यक् आचरण' सम्बन्धित हैं

(A) जैन दर्शन से
(B) बौद्ध दर्शन से
(C) इस्लामिक दर्शन से
(D) वेदान्त दर्शन से

'Samyak Astha', 'Samyak Jnana' and 'Samyak Aacharan' are related to

(A) Jainism philosophy
(B) Buddhism philosophy
(C) Islamic philosophy
(D) Vedanta philosophy

Adda247 GET IT ON Google Play

35. यथार्थवाद के अनुसार अन्तिम सत्य क्या हैं ?

(A) प्रकृति
(B) पदार्थ
(C) आत्मा
(D) परमात्मा

What is the ultimate reality according to Realism ?

(A) Nature
(B) Matter
(C) Soul
(D) God

36. श्री अरबिंदो के अनुसार, एक बालक को किस प्रकार अनुशासित किया जाना चाहिए ?

(A) सामाजिक स्वीकृति के द्वारा
(B) नैतिक शिक्षा के द्वारा
(C) दण्ड के द्वारा
(D) बल या शक्ति के द्वारा

According to Sri Aurobindo, how should a child be disciplined ?

(A) By social approval
(B) By moral education
(C) By punishment
(D) By force or power

37. स्वामी विवेकानन्द के अनुसार शिक्षा का अन्तिम उद्देश्य क्या होना चाहिए ?

(A) शारीरिक विकास
(B) नैतिक विकास
(C) आध्यात्मिक विकास
(D) व्यवसायिक विकास

According to Swami Vivekanand, what should be the ultimate aim of education ?

(A) Physical development
(B) Moral development
(C) Spiritual development
(D) Vocational development

38. समाज का सामाजिक-आर्थिक आधार पर पदानुक्रमानुसार विभिन्न समूहों में विभाजन कहलाता हैं

(A) सामाजिक स्तरीकरण
(B) सामाजिक गतिशीलता
(C) सामाजिक रूपान्तरण
(D) सामाजिक विकास

Division of society into socioeconomic groups in a different hierarchical order is known as

(A) Social stratification
(B) Social mobility
(C) Social transformation
(D) Social development

Adda247 GET IT ON Google Play

39. भारतीय संविधान के कौन–से अनुच्छेद के अन्तर्गत भारत की अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के शैक्षणिक उत्थान के लिये भारत के राज्यों को अधिकार दिये गये है ?

(A) 42 वें
(B) 62 वें
(C) 46 वें
(D) 75 वें

Under which Article of the Constitution, the Indian states are given right to promote educational interests of the SCs, STs and OBCs of India ?

(A) $42^{nd}$
(B) $62^{nd}$
(C) $46^{th}$
(D) $75^{th}$

40. 'शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का अनुसरण करती है' यह कथन किसके द्वारा दिया गया ?

(A) दुर्खिम
(B) जॉनसन
(C) आटोवे
(D) डीवी

'Education follows social change' by whom was this statement given ?

(A) Durkheim
(B) Johnson
(C) Ottoway
(D) Dewey

41. निम्नलिखित में से किसे मनुष्य एक सामाजिक प्राणी के रूप में विरासत में प्राप्त करता है और लम्बे समय तक विकसित करता है ?

(A) तकनीकी
(B) वैज्ञानिक स्वभाव
(C) मूल्य व्यवस्था
(D) संस्कृति

Which of the following is inherited and developed by man as a social being over the ages ?

(A) Technology
(B) Scientific temper
(C) Value system
(D) Culture

42. निम्नलिखित में से कौन–सा भारत में सामाजिक परिवर्तन हेतु बाधकतत्व नहीं है ?

(A) नवीनता का भय
(B) शिक्षा
(C) सांस्कृतिक जड़ता
(D) पृथकता की भावना

Which of the following is not a constraint of social change in India ?

(A) Fear of newness
(B) Education
(C) Cultural inertia
(D) Feeling of isolation

Adda247 GET IT ON Google Play

43. निम्न में से कौन-सा कथन संस्कृति पर शिक्षा के प्रभाव के बारे में सही नहीं है ?
   (A) शिक्षा संस्कृति का संरक्षण करती है
   (B) शिक्षा संस्कृति का हस्तांतरण करती है
   (C) शिक्षा विभिन्न संस्कृतियों में भेद पैदा करती है
   (D) शिक्षा संस्कृति के विकास में सहायता करती है

   Which of the following statements is not correct about the impact of education on culture ?
   (A) Education preserves culture
   (B) Education transmits culture
   (C) Education creates differences among different cultures
   (D) Education helps in development of culture

44. शैक्षिक समाजशास्त्र के जनक हैं
   (A) अगस्त काम्टे
   (B) जार्ज पेन
   (C) मैक्स वेबर
   (D) इमाइल दुर्खिम

   The father of Educational Sociology is
   (A) Auguste Comte
   (B) George Payne
   (C) Max Weber
   (D) Emile Durkheim

45. एक छात्र परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर कहता है "प्रश्नपत्र अधिक कठिन था" । इसमें छात्र द्वारा कौन-सी रक्षात्मक युक्ति का प्रयोग किया जा रहा है ?
   (A) प्रतिस्थापन
   (B) पलायन
   (C) क्षतिपूर्ति
   (D) युक्तीकरण

   A child failing in the examination says "The question paper was very difficult". Which defence mechanism is being used by the child ?
   (A) Substitution
   (B) Withdrawal
   (C) Compensation
   (D) Rationalization

46. 'डिस्लेक्सिया' सम्बन्धित है
   (A) श्रवण से
   (B) पठन से
   (C) बोलने से
   (D) गणना करने से

   'Dyslexia' is related to
   (A) Listening
   (B) Reading
   (C) Speaking
   (D) Calculating

Adda247 GET IT ON Google Play

47. इन योग्यताओं में से कौन-सा औपचारिक संक्रियात्मक काल में विकसित नहीं होती है ?
 (A) परिकल्पनात्मक-निगमनात्मक तर्क
 (B) विमर्शक अमूर्तीकरण
 (C) मात्रा का संरक्षण
 (D) तार्किक चिन्तन

 Which of these abilities does not develop during formal operational period ?
 (A) Hypothetico-deductive thinking
 (B) Reflective abstraction
 (C) Conservation of quantity
 (D) Logical thinking

48. निम्नलिखित में से कौन-सा सिद्धान्त अधिगम अन्तरण से सम्बन्धित है ?
 (A) आवश्यकता सिद्धान्त
 (B) द्वि-कारक सिद्धान्त
 (C) काँटीन्जेन्सी सिद्धान्त
 (D) समान-अवयव सिद्धान्त

 Which one of the following theory is associated with transfer of learning ?
 (A) Need theory
 (B) Bi-factor theory
 (C) Contingency theory
 (D) Identical-element theory

49. मानसिक रूप से मन्द छात्रों के शिक्षण के लिये निम्नलिखित में से कौन-सा शिक्षण उपगम उपयुक्त होगा ?
 (A) संवर्धन कार्यक्रम
 (B) वैयक्तीकृत अनुदेशन
 (C) वेग वृद्धि/त्वरण
 (D) उन्नत कोचिंग

 Which of the following approach of teaching is appropriate for a mentally retarded child ?
 (A) Enrichment programme
 (B) Individualized instruction
 (C) Acceleration
 (D) Advanced coaching

50. व्यक्तित्व के मापन के लिये प्रयुक्त 'रोर्शाक स्याही धब्बा परीक्षण' किस प्रकार का उपकरण है ?
 (A) अनुसूची
 (B) परिस्थिति परीक्षण
 (C) निर्धारण मापनी
 (D) प्रक्षेपी परीक्षण

 Which type of tool is 'Rorschach Ink Blot Test', used for measuring personality ?
 (A) Inventory
 (B) Situational test
 (C) Rating scale
 (D) Projective test

Adda247 GET IT ON Google Play

51. एक शिक्षक अपने विद्यार्थियों से अगले अध्ययन हेतु 'विषयों का चयन कैसे करें ?' के विषय में परिचर्चा करता है । यह किस प्रकार का निर्देशन है ?

(A) शैक्षिक निर्देशन
(B) व्यक्तिगत निर्देशन
(C) व्यवसायिक निर्देशन
(D) सामान्य निर्देशन

A teacher discusses with students about 'How to select appropriate subjects for further studies' ? Which type of guidance is this ?

(A) Educational guidance
(B) Personal guidance
(C) Vocational guidance
(D) General guidance

52. अंकों के एक वितरण को विषम कहा जाता है, जब अंक

(A) स्केल पर समान रूप से वितरित हो
(B) एक तरफ की तुलना में दूसरी तरफ गुच्छित हो
(C) मध्य में केन्द्रित हो
(D) मध्य के दोनों तरफ सममित रूप से वितरित हो

A distribution of scores is said to be skewed when scores are

(A) evenly distributed over the scale
(B) bunched on one side as compared to other side
(C) concentrated on the central part
(D) symmetrically distributed on both the sides

53. "बालकों तथा बालिकाओं की संवेगात्मक बुद्धि में सार्थक अन्तर नहीं है ।" नामक शून्य परिकल्पना के परीक्षण हेतु इनमें से किसका प्रयोग किया जा सकता है ?

(A) काई वर्ग परीक्षण
(B) गुणनफल-आघूर्ण सहसम्बंध
(C) एक मार्गीय प्रसरण विश्लेषण
(D) मान-व्हिटनी यू-परीक्षण

Which of these can be used to test the null hypothesis "There is no significant difference between boys and girls on emotional intelligence" ?

(A) Chi-square test
(B) Product-moment correlation
(C) One way analysis of variance
(D) Mann-Whitney U-test

Adda247 GET IT ON Google Play

54. सामान्य सम्भाव्यता वक्र में $-1\sigma$ से $+1\sigma$ के बीच का क्षेत्र होता है

In normal probability curve the area that lies between $-1\sigma$ to $+1\sigma$ is

(A) 68.16% (B) 68.26%

(C) 68.36% (D) 68.46%

55. एक विषम समष्टि से न्यादर्श चयन हेतु उपयुक्त विधि होगी

(A) सुविधाजनक न्यादर्श (B) गुच्छ न्यादर्श

(C) स्तरीकृत न्यादर्श (D) कोटा न्यादर्श

For a heterogenous population, the suitable method for sampling will be

(A) Convenient sampling (B) Cluster sampling

(C) Stratified sampling (D) Quota sampling

56. शोध की किस विधि में 'कारण–प्रभाव सम्बन्ध' स्थापित किया जाता है ?

(A) सर्वेक्षण विधि (B) ऐतिहासिक विधि

(C) वर्णनात्मक विधि (D) प्रयोगात्मक विधि

In which method of research the 'cause-effect relationship' is established ?

(A) Survey method (B) Historical method

(C) Descriptive method (D) Experimental method

Adda247

57. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन 'क्रियात्मक अनुसन्धान' के सम्बन्ध में सही नहीं है ?

(A) इसका उद्देश्य विद्यालय की कार्यप्रणाली में सुधार करना है

(B) इसके परिणामों का सामान्यीकरण किया जा सकता है

(C) विद्यालयी अध्यापक स्वयं ही शोधकर्त्ता होते हैं

(D) इसमें वास्तविक कक्षा परिस्थिति के लिए वास्तविक समाधान खोजा जाता है

Which of the following is not correct about 'Action Research' ?

(A) It aims at improving the function of school

(B) Its results can be generalized

(C) The school teachers are the researcher themselves

(D) It finds out the real solution for real classroom situation

Adda247 GET IT ON Google Play

58. गहन एवं खुले साक्षात्कार का मुख्य रूप से प्रयोग किया जाता है

(A) गुणात्मक अनुसन्धान में
(B) सर्वेक्षण अनुसन्धान में
(C) वर्णनात्मक अनुसन्धान में
(D) सहसम्बन्धात्मक अनुसन्धान में

In depth and open-ended interviews are mainly used in

(A) Qualitative research
(B) Survey research
(C) Descriptive research
(D) Correlational research

59. पूर्ण गुणवत्ता प्रबन्धन के व्यापक दर्शन और मौलिक युक्ति के विकास का श्रेय किसे जाता है ?

(A) क्रासबाई
(B) इशीकावा
(C) डेमिंग एवं ज्यूरान
(D) हिल एवं टेलर

To whom goes the credit of developing a comprehensive philosophy and original strategy of total quality management ?

(A) Crosby
(B) Ishikawa
(C) Deming and Juran
(D) Hill and Taylor

60. POSDCORB का प्रत्यय किसने दिया ?

(A) हेनरी
(B) टेलर
(C) लुथर गुलिक
(D) डीवी

Who has given the concept of POSDCORB ?

(A) Henry
(B) Taylor
(C) Luther Gulick
(D) Dewey

61. एफ. डब्लू. टेलर के द्वारा कौन–सा सिद्धान्त दिया गया ?

(A) प्रशासन: एक प्रबन्धन के रूप में
(B) वैज्ञानिक प्रबन्धन
(C) नौकरशाही एक प्रबन्धन के रूप में
(D) समय प्रबन्धन

Which theory was given by F. W. Taylor ?

(A) Administration as management
(B) Scientific management
(C) Bureaucracy as management
(D) Time management

Adda247 GET IT ON Google Play

62. निम्न में से कौन–सा पद PERT की प्रक्रिया में नहीं है ?

(A) उद्देश्यों को परिभाषित करना
(B) कार्य विभंग संरचना तैयार करना
(C) समय अनुमान का निर्धारण करना
(D) लागत अनुमान का निर्धारण करना

Which of the following is not a step in the process of PERT ?

(A) Defining the objective
(B) Preparing a work-breakdown structure
(C) Making time estimates
(D) Making cost-estimate

63. निम्नलिखित में से कौन निर्णयन–सिद्धान्त से सम्बन्धित है ?

(A) सीयर्स
(B) डी. मिलर
(C) ग्रीफीथ्स
(D) एच. ए. सीमोन

Which of the following is related to theory of decision making ?

(A) Sears
(B) D. Miller
(C) Griffiths
(D) H. A. Simon

64. प्रबन्धन का आधुनिक उपगम विशेष बल देता है

(A) संगठनात्मक अनुपालन पर
(B) संगठनात्मक सरोकारों पर
(C) संगठनात्मक वृद्धि पर
(D) प्रबन्धकों के पर्यवेक्षण पर

The modern approach to management focuses on

(A) Organizational compliance
(B) Organizational concerns
(C) Organizational growth
(D) Supervision of managers

65. "नेतृत्व एक परिस्थिति में प्रयुक्त किया गया तथा विशिष्ट लक्ष्य अथवा लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर निदेशित अन्तर वैयक्तिक प्रभाव है ।" यह किसका कथन है ?

(A) जॉर्ज आर. टैरी
(B) राबर्ट टैननबाम
(C) कून्ज एवं डोनैल
(D) डगलस मैक्ग्रैगर

"Leadership is an interpersonal influence exercised in a situation and directed toward the attainment of a specialized goal or goals". Who's statement is this ?

(A) George R. Terry
(B) Robert Tanenbaum
(C) Koonz and Donell
(D) Douglas McGregor



Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

66. निम्न में से कौन ब्लूम के 'भावात्मक डोमेन' के व्यवहारगत उद्देश्यों के वर्गीकरण से सम्बन्धित नहीं है ?

(A) अभिग्रहण करना
(B) अनुक्रिया करना
(C) समन्वयन
(D) महत्त्व देना

Which of the following is not related to 'Affective Domain' in Bloom's taxonomy of behavioural objectives ?

(A) Receiving
(B) Responding
(C) Coordination
(D) Valuing

67. माइकियल स्क्रिविन किससे सम्बन्धित है ?

(A) सतत् आन्तरिक मूल्यांकन से
(B) निरपेक्ष एवं सापेक्ष मूल्यांकन से
(C) संरचनात्मक एवं योगात्मक मूल्यांकन से
(D) निकस संदर्भित मूल्यांकन से

Michael Scriven was associated with

(A) Continuous internal evaluation
(B) Absolute and relative evaluation
(C) Formative and summative evaluation
(D) Criterion-referenced evaluation

Adda247

68. विश्वसनीयता की परीक्षण–पुन:परीक्षण विधि का उपयोग होता है

(A) स्थिरता मापन के लिये
(B) समतुल्यता मापन के लिये
(C) स्थिरता एवं तुल्यता मापन के लिये
(D) आन्तरिक संगति मापन के लिये

Test-retest method of reliability is used for

(A) Measures of stability
(B) Measures of equivalence
(C) Measures of stability and equivalence
(D) Measures of internal consistency

Adda247
GET IT ON Google Play

69. किसी एक बुद्धि परीक्षण तथा एक उपलब्धि परीक्षण के मध्य सहसम्बंध का मान .74 है । इससे निम्न का पता चलता है

(A) उपलब्धि परीक्षण की समवर्ती वैधता का

(B) बुद्धि परीक्षण की भविष्यकथनात्मक वैधता का

(C) परीक्षणों की विश्वसनीयता का

(D) परीक्षणों की रचनात्मक (कन्स्ट्रक्ट) वैधता का

The value of correlation between scores on a test of intelligence and an achievement test is .74. It indicates

(A) Concurrent validity of achievement test

(B) Predictive validity of intelligence test

(C) Reliability of tests

(D) Construct validity of tests

70. निम्न में से कौन-सा स्थिति सूचक मापक है ?

(A) बहुलांक
(B) माध्यिका व कुकुदता
(C) मध्यमान
(D) प्रतिशतांक

Which of the following is a measure of position ?

(A) Mode
(B) Median and Kurtosis
(C) Mean
(D) Percentile

Adda247

71. कठिनाई स्तर एवं विभेदन क्षमता की गणना की जाती है

(A) परीक्षण की विश्वसनीयता ज्ञात करने के लिये

(B) परीक्षण की वैधता ज्ञात करने के लिये

(C) किसी अभिवृत्ति मापनों के पद-विश्लेषण हेतु

(D) किसी उपलब्धि परीक्षण के पद-विश्लेषण हेतु

Difficulty value and discrimination power are calculated for

(A) Finding out the reliability of a test

(B) Finding out the validity of a test

(C) Item analysis of an attitude scale

(D) Item analysis of an achievement test

Adda247 GET IT ON Google Play

72. Z-प्राप्तांक को T-प्राप्तांक में परिवर्तित करने के लिए सूत्र है

The formula for converting Z-score to T-score is

(A) T = 10 + 50Z (B) T = 50 + 10Z (C) T = 100 + 50Z (D) T = 100 – 50Z

73. अधिगम की प्रक्रिया को मॉनीटर करने के लिये किस प्रकार का मूल्यांकन किया जाता है ?

(A) स्थापन मूल्यांकन (B) संरचनात्मक मूल्यांकन

(C) निदानात्मक मूल्यांकन (D) योगात्मक मूल्यांकन

Which type of evaluation is used to monitor the learning process ?

(A) Placement evaluation (B) Formative evaluation

(C) Diagnostic evaluation (D) Summative evaluation

74. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत 'आभासी प्रयोगशाला' के निर्माण हेतु सम्भावित प्लेटफार्म हैं

i. दीक्षा
ii. स्वयं
iii. परख
iv. स्वयंप्रभा

सही उत्तर का चयन करें ।

(A) i, ii, और iv (B) i, ii, और iii (C) ii, iii, और iv (D) i, iii, और iv

For creating 'Virtual Labs' as per NEP 2020 platforms to be used are the following

i. DIKSHA
ii. SWAYAM
iii. PARAKH
iv. SWAYAM PRABHA

Choose the correct answer.

(A) i, ii, and iv (B) i, ii, and iii (C) ii, iii, and iv (D) i, iii, and iv

75. बुनियादी शिक्षण प्रतिमान के प्रतिपादक हैं

(A) राबर्ट ग्लेसर (B) बी. एफ. स्किनर

(C) थॉमस एफ. गिलबर्ट (D) जॉयस तथा वील

The propounder of Basic Teaching Model is

(A) Robert Glassor (B) B. F. Skinner

(C) Thomas F. Gilbert (D) Joyce and Weil

Adda247 GET IT ON Google Play

76. दूरस्थ शिक्षा प्रदान करने के लिये भारत द्वारा पहला ऐजुकेशनल सैटेलाइट जो 'एडुसेट' नाम से जाना जाता है, स्थापित किया गया

(A) 2002 में (B) 2004 में

(C) 2005 में (D) 2006 में

First educational satellite called 'EDUSAT' to impart distance education was launched by India in

(A) 2002 (B) 2004

(C) 2005 (D) 2006

77. MOOC का पूर्ण रूप है

(A) मास ओपन आनलाइन कोर्स (B) मैसिव ओपन आनलाइन कोर्स

(C) मॉडल आफ आनलाइन कोर्स (D) मैसिव आनलाइन ओपन कोर्स

What is the full form of MOOC ?

(A) Mass Open Online Course (B) Massive Open Online Course

(C) Model Of Online Course (D) Massive Online Open Course

78. 'शाखीय-अभिक्रमित अनुदेशन' दिया गया

(A) बी. एफ. स्किनर द्वारा (B) थॉमस एफ. गिलबर्ट द्वारा

(C) नार्मन ए. क्राउडर द्वारा (D) जे.पी. गिलफोर्ड द्वारा

'Branching Programmed Instruction' was given by

(A) B. F. Skinner (B) Thomas F. Gilbert

(C) Norman A. Crowder (D) J. P. Guilford

79. "अधिगम तथा अधिगम की परिस्थितियों के वैज्ञानिक ज्ञान के शिक्षण तथा प्रशिक्षण की प्रभावशीलता बढ़ाने हेतु उपयोग को शिक्षा तकनीकी कहते हैं।" यह कथन किसका है ?

(A) बी. सी. मैथिस (B) जी. ओ. एम. लीथ

(C) डब्ल्यू . के. रिचमण्ड (D) आर. ए. कॉक्स

"Educational Technology is the application of scientific knowledge about learning and the conditions of learning to improve the effectiveness of teaching and training". Whose statement is this ?

(A) B. C. Mathis (B) G. O. M. Leith

(C) W. K. Richmond (D) R. A. Cox

Adda247
GET IT ON Google Play

80. सूची – I तथा सूची – II को सुमेलित कीजिए ।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| a. सामान्य विद्यालय प्रणाली | I. मुदालियर आयोग |
| b. नवोदय विद्यालय | II. एन.ई.पी. – 2020 |
| c. चार वर्षीय स्नातक कोर्स | III. कोठारी आयोग |
| d. बहु–उद्देश्यीय विद्यालय | IV. एन.पी. ई. – 1986 |

अग्रोल्लिखित से अपना उत्तर चुनें :

(A) a – III  b – IV  c – II  d – I

(B) a – III  b – IV  c – I  d – II

(C) a – I  b – II  c – III  d – IV

(D) a – II  b – I  c – IV  d – III

Match List – I with List – II.

| List – I | List – II |
|---|---|
| a. Common School System | I. Mudaliar Commission |
| b. Navodaya Vidyalaya | II. NEP – 2020 |
| c. 4 Year Undergraduate Course | III. Kothari Commission |
| d. Multipurpose Schools | IV. NPE – 1986 |

Choose the answer from the following :

(A) a – III  b – IV  c – II  d – I

(B) a – III  b – IV  c – I  d – II

(C) a – I  b – II  c – III  d – IV

(D) a – II  b – I  c – IV  d – III

Adda247 GET IT ON Google Play

81. एन.ई.पी. 2020 फाउन्डेशन स्तर पर शिक्षण हेतु विभिन्न विधियों को अपनाने के लिए सिफारिश करती है

i. खेल विधि

ii. व्याख्यान विधि

iii. गतिविधि विधि

iv. अन्तरक्रियात्मक विधि

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनें ।

(A) i, ii और iii

(B) i, ii और iv

(C) i, iii और iv

(D) ii, iii और iv

NEP-2020 recommends various teaching methods at foundational stage

i. Play method

ii. Lecture method

iii. Activity method

iv. Interactive method

Select correct answer from the following.

(A) i, ii and iii

(B) i, ii and iv

(C) i, iii and iv

(D) ii, iii and iv

82. निम्न में से किस समिति के प्रतिवेदन का शीर्षक 'टुवर्ड्स एन एनलाइटेंड एण्ड हयूमेन सोसाइटी' था ?

(A) हर्टाग समिति

(B) खेर समिति

(C) राममूर्ति समीक्षा समिति

(D) जनार्दन रेड्डी समिति

Report of which of these Committees was entitled 'Towards an Enlightened and Humane Society' ?

(A) Hartog Committee

(B) Kher Committee

(C) Ram Murti Review Committee

(D) Janardan Reddy Committee

Adda247 GET IT ON Google Play

83. निम्न में से किसने 'राष्ट्रीय शैक्षिक तकनीकी फोरम' सृजित करने का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है ?

(A) एन.ई.पी. – 2020

(B) राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986

(C) राममूर्ति कमिटी

(D) सच्चर कमिटी

Which of these has proposed to create 'National Educational Technology Forum' ?

(A) NEP – 2020

(B) National Policy on Education, 1986

(C) Ram Murti Committee

(D) Sachchar Committee

84. निम्न में 'ऑपरेशन ब्लेकबोर्ड स्कीम' की संस्तुति की थी

(A) सार्जेण्ट योजना

(B) एन. ई. पी. – 2020

(C) राष्ट्रीय शिक्षा नीति – 1986

(D) यशपाल समिति

'Operation Blackboard Scheme' was recommended by

(A) Sargeant Plan

(B) NEP – 2020

(C) National Policy of Education, 1986

(D) Yashpal Committee

85. एन.ई.पी.–2020 ने विद्यालय शिक्षा के प्रथम पाँच वर्षों को नाम दिया

(A) फाउन्डेशनल शिक्षा

(B) पूर्व प्राथमिक शिक्षा

(C) बेसिक शिक्षा

(D) प्राथमिक शिक्षा

NEP-2020 named the first five years of schooling as

(A) Foundational Education

(B) Pre Primary Education

(C) Basic Education

(D) Primary Education

Adda247 GET IT ON Google Play

86. 'जनतान्त्रिक-नागरिकता के विकास' को शैक्षिक उद्देश्य के रूप में किस आयोग ने सिफारिश की थी ?

(A) हण्टर आयोग

(B) सैडलर आयोग

(C) मुदालियर आयोग

(D) राधाकृष्णन आयोग

Which commission recommended 'Development of Democratic Citizenship' as an educational aim ?

(A) Hunter Commission

(B) Sadler Commission

(C) Mudaliar Commission

(D) Radha Krishnan Commission

87. 'समावेशी विद्यालय सभी विद्यार्थियों के लाभ के लिये सामान्य विद्यालयों में पुनर्निर्मित शैक्षिक सोच एवं अभ्यास की माँग करते हैं'-यह कथन किसका है ?

(A) स्ली
(B) स्पेक्ट
(C) ल्यूपार्ट
(D) स्मित एवं मैरी

'The inclusive school demands reconstructed educational thinking and practice in regular schools for the benefit of all students''. Whose statement is this ?

(A) Slee
(B) Specht
(C) Lupart
(D) Smith and Marry

88. 'रिहेबिलिटेशन काउन्सिल ऑफ इण्डिया एक्ट' किस वर्ष में अधिनियमित हुआ ?

In which year 'Rehabilitation Council of India Act' was enacted ?

(A) 1986
(B) 1992
(C) 1995
(D) 2009

89. समावेशी शिक्षा के जनक कौन थे ?

(A) ईटार्ड
(B) लुइस
(C) होवे
(D) सुलिवन

Who is the father of Inclusive Education ?

(A) Itard
(B) Louis
(C) Howe
(D) Sullivan

Adda247 GET IT ON Google Play

90. RPWD एक्ट के अनुसार निम्नलिखित में से कौन–सी स्थिति दृष्टिहीन के लिये अनुकूल है ?

(A) दृष्टि का आंशिक अभाव

(B) दृष्टि के क्षेत्र में 30 डिग्री के कोण तक सीमित करने के लिये निर्धारित

(C) दृष्टि तीक्ष्णता 2/60 से कम है

(D) बेहतर आँख में दृश्य तीक्ष्णता 10/200(स्नेलन) से कम है

According to RPWD Act, which of the following condition is suited for blindness ?

(A) Partial absence of vision

(B) Limited in the field of vision subtending an angle of 30 degrees

(C) Visual Activity is less than 2/60

(D) Visual Activity is less than 10/200 (Snellen) in the better eye

91. दृष्टिबाधितों का राष्ट्रीय संस्थान स्थित है

(A) नई दिल्ली में (B) पुणे में

(C) देहराडून में (D) जयपुर में

'The National Institute of Visual Impaired' is situated in

(A) New Delhi (B) Pune

(C) Dehradun (D) Jaipur

92. पाठ्यचर्या अभिकल्प का सी.आई.पी.पी. मॉडल विकसित किया गया

(A) बी.एस.ब्लूम द्वारा

(B) डेनियल स्टफलबीम द्वारा

(C) जे. केलेंघम द्वारा

(D) जे. विलियम द्वारा

CIPP model of curriculum design is developed by

(A) B. S. Bloom

(B) Daniel Stufflebeam

(C) J. Kellangham

(D) J. Willium

Adda247 GET IT ON Google Play

93. विद्यालयी पाठ्यचर्या समाज की परम्पराओं, पर्यावरण एवं आदर्शों की प्रतिछाया है । यह किसका कथन है ?

(A) डंकन ग्रिज़ेल
(B) केर
(C) के. जी. सैयदन
(D) डीवी

"The school curriculum is the reflection of the traditions, environment and ideals of the society", whose statement is this ?

(A) Duncan Grizzel
(B) Kerr
(C) K. G. Saiyidain
(D) Dewey

94. एन. सी. एफ. टी. ई. (2009) प्रकाशित की गई

(A) एन. सी. ई. आर. टी. द्वारा
(B) एन. आई. आर. एफ. द्वारा
(C) एन. सी. टी. ई. द्वारा
(D) एन. ए. ए. सी. द्वारा

NCFTE (2009) was published by

(A) NCERT
(B) NIRF
(C) NCTE
(D) NAAC

95. अनुभवों की व्यापकता, अनुभवों की विविधता एवं अनुभवों की उपयुक्तता पाठ्यचर्या विकास के किस सोपान के अन्तर्गत आते हैं ?

(A) शैक्षिक आवश्यकताओं की पहचान
(B) अधिगम अनुभवों का चयन और संगठन
(C) विषय-वस्तु का चयन एवं संगठन
(D) मूल्यांकन

Comprehensiveness of experiences, variety of experiences and suitability of experiences come under which step of curriculum development ?

(A) Identification of educational needs
(B) Selection and organization of learning experiences
(C) Selection and organization of subject matter
(D) Evaluation

Adda247 GET IT ON Google Play

96. निम्न के आधार पर पाठ्यचर्या का अभिकल्पन नहीं किया जा सकता है

(A) शिल्प
(B) अधिगम प्रतिफल
(C) एन. ए. ए. सी. के दिशानिर्देश
(D) दक्षता

Curriculum cannot be designed on the basis of

(A) Craft
(B) Learning outcome
(C) NAAC guidelines
(D) Competency

97. 'पाठ्यक्रम विकास के मूलस्तर प्रतिमान' को किसने दिया ?

(A) हिल्दा टाबा
(B) टेलर
(C) ओलीवर
(D) सेलर, एलक्ज़ेण्डर एवं लेविस

Who has given 'Grass Root Model of Curriculum Development' ?

(A) Hilda Taba
(B) Taylor
(C) Oliver
(D) Saylor, Alexender and Levis

98. निम्नलिखित में से कौन-सा राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा, 2005 के अन्तर्गत पाठ्यक्रम विकास के निर्देशक सिद्धान्त में सम्मिलित नहीं हैं ?

(A) अधिगम को वास्तविक जीवन के उदाहरणों से जोड़ना
(B) परीक्षाओं को कक्षा विद्यालय के जीवन से जोड़ना
(C) पाठ्यक्रम को इस प्रकार संवर्द्धित करना कि पाठ्यपुस्तकों के अतिरिक्त भी ज्ञान एवं उदाहरण दिये जा सकें
(D) यह सुनिश्चित करना कि अधिगम मुख्यत: विषय-ज्ञान पर आधारित हो

Which of the following is not included in guiding principle for curriculum in the National Curriculum Framework, 2005 ?

(A) Connecting learning to real life examples
(B) Integrating examinations with class school life
(C) Enhancing the curriculum to provide knowledge and examples beyond textbooks
(D) Ensuring that learning should be totally based on content knowledge

Adda247
GET IT ON Google Play

99. निम्न में से कौन-सा पाठ्यचर्या मूल्यांकन के स्टेक मॉडल से सम्बंधित नहीं है ?

(A) पूर्वापेक्षाएं

(B) शैक्षिक अनुभवों को पहचानना

(C) संभवित एवं संक्रियात्मक पाठ्यचर्या

(D) संभवित बनाम वास्तविक परिणाम

Which of the following is not related to Stake's Model of Curriculum Evaluation ?

(A) Pre-requisites

(B) Identification of educational experiences

(C) Potential and operational curriculum

(D) Potential Vs actual results

100. 'पाठ्यचर्या अभिकल्प का अनुशासन आधारित प्रतिमान' आधारित है

(A) ब्रूनर के सिद्धान्त पर

(B) हर्बर्ट स्पेन्सर द्वारा लिखित लेख पर

(C) डीवी के शिक्षा दर्शन पर

(D) फ्रोबेल के शिक्षा दर्शन पर

'Discipline Based Model of Curriculum Design' is based on

(A) Bruner's principle

(B) Article written by Herbert Spencer

(C) Dewey's philosophy of Education

(D) Froebel philosophy of Education

Adda247

रफ कार्य के लिए जगह

Space for Rough Work

Adda247
GET IT ON Google Play

DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.

# Question Booklet

**Subject Code : 38**

**Subject : Education**

**Roll No. (In Figures) :** | | | | | | | |

**Roll No. (In Words) :** ____________________

| Signature of Candidate | | Signature of Invigilator | |
|---|---|---|---|

**Time : 2 Hours** **Maximum Marks : 200**

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. There are two Parts in this Question Booklet. The first part of which contains a total of **30** questions related to General Knowledge.
2. There are a total of **70** questions related to the optional subject in the second part of this Question Booklet.
3. There are **100** question items given in this Question Booklet. Each question item is printed in both Hindi and English. Four options are given for each question. Choose one of these options which you want to mark on the Answer Sheet. If you feel that more than one option is correct, then mark the option which you think is best. Only one option has to be chosen for each question item.
4. **Immediately after the commencement of the examination, you must check the Question Booklet to ensure that there are no unprinted, torn or missing pages or question parts etc. in it.**
5. Candidates should open the seal of the Question Booklet only after being instructed by the Room Invigilator.
6. Before answering on the Answer Sheet (OMR Sheet), the candidate should carefully read all the instructions in the Question Booklet and Answer Sheet.
7. The candidate must write his/her roll number, subject, correct question paper code, number of answered questions and number of unanswered questions neatly on the Answer Sheet (OMR Sheet), otherwise the Answer Sheet will not be evaluated and the entire responsibility will be of the candidate himself/herself.
8. The candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the OMR sheet using black ball point pen only. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer and it will not be evaluated.
9. Once answer is marked in the Answer Sheet (OMR Sheet), no change is permitted.
10. Candidate should not fold the Answer Sheet (OMR Sheet).
11. You are to mark your answers on Answer Sheet (OMR Sheet) only. When the examination is over, handover the Answer Sheet (OMR Sheet) to the Room Invigilator.
12. In case of any discrepancy between the Hindi and English versions, English version will be taken as final.
13. If any candidate uses or attempts to use unfair means or creates any disturbance in the examination hall, he/she will be disqualified from the examination.
14. No candidate will leave the examination hall until **120** minutes (two hours) are completed.
15. Rough work, if any, should be done on the blank sheets prescribed for this purpose only. No extra sheets will be provided.
16. Use only black ball point pen for writing your roll number etc. and for filling in the answers on the Answer Sheet (OMR Sheet).

DO NOT OPEN THIS QUESTION BOOKLET UNTIL YOU ARE TOLD TO DO SO.

ध्यान दें : अनुदेशों का हिन्दी रूपांतर इस प्रश्न–पुस्तिका के प्रथम पृष्ठ पर छपा है।